भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2299
सोमवार, 9 दिसम्बर, 2024/18 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**मीठी वाव का विकास**

**2299. श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोरः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा गुजरात राज्य में पर्यटन स्थलों का विकास किया जा रहा है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या उक्त पर्यटन स्थलों में मीठी वाव को शामिल किया गया है;
(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा मीठी वाव के विकास के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;
(ङ) विगत दस वर्षों के दौरान मीठी वाव के विकास के लिए आवंटित निधियों का ब्यौरा क्या है; और
(च) आज की तिथि तक वहां किए गए विकास कार्यों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (च): पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' की अपनी केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को उनके परामर्श से वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके द्वारा किए गए पर्यटन संबंधी विकास प्रयासों को सम्पूरित करता है। पर्यटन मंत्रालय ने मीठी वाव के विकास के लिए किसी भी परियोजना को मंजूरी प्रदान नहीं की है, हालांकि स्वदेश दर्शन योजना के भाग के रूप में, पर्यटन मंत्रालय ने गुजरात राज्य में 176.97 करोड़ रुपये की 3 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसका ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है। पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन स्थलों का विकास करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया है, और 'धोलावीरा' एवं 'द्वारका' को गंतव्यों के रूप में चिह्नित किया है।

भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना 2024-25' (एसएएससीआई) के तहत गुजरात राज्य में 99.50 करोड़ रु. की 'केर्ली (मोकारसागर), पोरबंदर में इकोटूरिज्म डेस्टिनेशन' और 51.56 करोड़ रु. की 'टेंटेड सिटी एंड कन्वेंशन सेंटर, धोरडो' नामक 2 पर्यटन परियोजनाओं को भी मंजूरी प्रदान की है।

*****

**अनुबंध**

श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर द्वारा मीठी वाव का विकास के संबंध में दिनांक 09.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 2299 के भाग (क) से (च) के उत्तर में **विवरण**

**गुजरात राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:**

**राशि (करोड़ रू. में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **परिपथ / स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | विरासत परिपथ 2016-17 | अहमदाबाद - राजकोट - पोरबंदर - बारडोली - दांडी का विकास | 59.17 |
| 2. | गुजरात | विरासत परिपथ 2016-17 | वडनगर - मोढेरा का विकास | 91.12 |
| 3. | गुजरात | बौद्ध परिपथ 2017-18 | जूनागढ़ - गिर सोमनाथ - भरूच - कच्छ - भावनगर - राजकोट - मेहसाणा का विकास | 26.68 |
| **कुल** | | | | **176.97** |

*****